## सार-समाचार

### एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन



**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग ने एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। उदयपुर में पहली बार आयोजित इस वर्कशॉप में 35 डेलिगेट्स ने हिस्सा लिया और इस लाइफ-सेविंग तकनीक में प्रैक्टिकल अनुभव प्राप्त किया। वर्कशॉप सुबह 9 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला, जिसमें विभिन्न पहलुओं पर एक्सपर्ट्स ने सेशन लिए। डॉ. रमेश पटेल, डॉ. सविता चौधरी, डॉ. नितेश, डॉ. आनन्द, डॉ. चेतन चौधरी और डॉ. जयेश ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। मुख्य अतिथि के रूप में आरएनटी मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर डॉ. ललित रैगर, जीएमसीएच की एडिशनल प्रिंसिपल डॉ. मंजिंदर कौर और गीतांजली यूनिवर्सिटी के डॉ. अरविंद यादव ने शिरकत की और वर्कशॉप का उद्घाटन किया। इमरजेंसी मेडिसिन विभाग की प्रोफेसर और हेड डॉ. सविता चौधरी और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. चेतन चौधरी ने इस वर्कशॉप को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### चांदी से बना अफीम का डोडा भेंट

**कपासन, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शनि धाम श्री शनिमहाराज आली में एक श्रद्धालु ने श्री शनिदेव को 110 ग्राम चांदी से बना अफीम का डोडा भेंट किया। यह भेंट श्रद्धालु की मनोकामना पूरी होने पर की गई। तीर्थ स्थल प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश के नीमच जिले की जावद तहसील के सुवाखेड़ा गांव निवासी नारायणलाल पुत्र राधेकृष्ण नायक ने यह डोडा भेंट किया है। इस दौरान मंदिर पुजारी देवगिरी, राहुल गिरी, मंदिर मंडल के कर्मचारी लाल सिंह और नरेंद्र विजयवर्गीय सहित अन्य लोग मौजूद थे। शनि धाम आली में मनोकामनाएं पूरी होने पर भक्त अक्सर विभिन्न वस्तुएं भेंट करते रहते हैं। इससे पहले भी कई भक्तों ने मन्नतें पूरी होने पर चांदी के छत्र, मुकुट, अफीम का पौधा, चांदी का ट्रैक्टर ओर ट्रॉली, तेल निकालने की घानी, पीतल की एक क्विंटल की बड़ी घंटी और सवा तोला सोने का छत्र, मालवीय लोहार समाज ने सवा किलो चांदी की बाल्टी जैसी आदि सामग्री भेंट की है।

### पीजी क्विज में प्रथम

**उदयपुर, (कासं)।** पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स), उमरडा के ऑर्थोपेडिक रेजिडेंट्स ने प्रतिष्ठित उदयपुर आर्थोस्कोपी एंड आर्थोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस 2026 में आयोजित पोस्टग्रेजुएट क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। यह कार्यक्रम विंधम, उदयपुर में आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर के विभिन्न मेडिकल संस्थानों के पीजी रेजिडेंट्स ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के आर्थोस्कोपी, आर्थोप्लास्टी तथा ऑर्थोपेडिक्स में हालिया प्रगतियों से संबंधित ज्ञान और क्लिनिकल समझ की परीक्षा ली गई। पिम्स की टीम ने अपने उत्कृष्ट ज्ञान, त्वरित सोच और बेहतरीन टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए अन्य संस्थानों की टीमों को पीछे छोडते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम में डॉ. बादल जवेरी, डॉ. किरण पाटिल, डॉ. बादल नरवाल, डॉ. हर्ष पटेल और डॉ. मो. कामरान खान शामिल थे। उनकी इस उपलब्धि ने पिम्स के ऑर्थोपेडिक विभाग की शैक्षणिक उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाया है।

### ट्रेनों का रूट बदला

**उदयपुर, (कासं)।** दिल्ली और शाहदरा स्टेशनों के बीच यमुना नदी पर बने पुराने लोहे के पुल की जगह नए ब्रिज (संख्या 249) का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस बडे प्रोजेक्ट और तकनीकी ब्लॉक के कारण उत्तर रेलवे ने उदयपुर से जुडी कुछ मुख्य ट्रेनों के रूट में अस्थायी बदलाव किया है। फिलहाल यह बदलाव 1 से 2 दिनों के लिए किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये ट्रेनें 17 मार्च को अपने निर्धारित स्टॉपेज यानी दिल्ली मुख्य स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। ऐसे में जो यात्री दिल्ली उतरने की योजना बना रहे थे उन्हें अपनी यात्रा की योजना दोबारा देखनी पड सकती है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि इस निर्माण कार्य की वजह से उदयपुर सिटी से ऋषिकेश जाने वाली और वहां से लौटने वाली ट्रेनों पर सीधा असर पडेगा। 17 मार्च को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करने वाली गाडी संख्या 09609 (उदयपुर सिटी.योगनगरी ऋषिकेश) अपने नियमित मार्ग के बजाय अब दिल्ली कैंट.दिल्ली सराय .नई दिल्ली.तिलक ब्रिज.साहिबाबाद होकर संचालित होगी। इस बदलाव के कारण यह ट्रेन दिल्ली मुख्य स्टेशन पर नहीं रुकेगी। इसी तरह वापसी में गाडी संख्या 19610 (योगनगरी ऋषिकेश.उदयपुर सिटी) जो 17 मार्च को ऋषिकेश से रवाना होगी वह भी बदले हुए रूट से आएगी।यह ट्रेन नोली.दिल्ली शाहदरा.तिलक ब्रिज.नई दिल्ली.दिल्ली सराय.दिल्ली कैंट होकर संचालित होगी। रूट बदलने के कारण यह ट्रेन दिल्ली शाहदरा और दिल्ली मुख्य स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। उदयपुर लौटने वाले यात्रियों को इन स्टेशनों के बजाय वैकल्पिक स्टेशनों पर उतरना होगा।

### नववर्ष के स्वागत पर काव्यानुष्ठान आज

**बांसवाड़ा, (निसं)।** त्रिपुरा बस्ती-ठीकरिया में सनातनी साहित्यकारों द्वारा चौत्र नवरात्रि प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2083 एवं नूतन वर्ष के स्वागत को लेकर आयोजित किए जा रहे विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज मंगलवार शाम 7 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण ठीकरिया में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के नवोदित एवं वरिष्ठ साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से नववर्ष का स्वागत करेंगे। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है

# चार महीने के मासूम के पेट से 1.5 किलो का ट्यूमर निकाला

■ पीएमसीएच में सर्जरी कर मासूम को दिया नया जीवन



पीएमसीएच में 4 महीने के मासूम के पेट से निकाला 1.5 किलो का ट्यूमर निकाला।

**उदयपुर,(कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के बाल एवं नवजात शिशु सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने एक 4 महीने के बच्चे की जटिल सर्जरी कर पेट से 1.5 किलो के ट्यूमर को निकाल कर नया जीवन दिया। इस जटिल ऑपरेशन की सफलता में बाल एवं नवजात शिशु सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर के साथ डॉ.उर्जिता मोदी,डॉ.निशांत और डॉ.सुहानी, एनेस्थीसिया टीम में डॉ.स्वाति,डॉ.शाहिद,डॉ. आर्यमन और डॉ.किरण,पीआईसीयू टीम में डॉ.पुनीत जैन, डॉ.धारा और डॉ अभिषेक के साथ नर्सिंग स्टॉफ विष्णु, विवेक,शोभना, मनीष और नरेंद्र की अहम भूमिका रही।

प्रतापगढ़ निवासी 4 महीने का यह बच्चा पिछलें 15 दिनों से पेट फूलने और अत्यधिक रोने की समस्या से जूझ रहा था। बच्चें कें परिजनों ने स्थानीय चिकित्सक को दिखाया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बच्चें के परिजनों को उनके मिलने वाले ने पेसिफिक हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी। परिजन बच्चें को पीएमसीएच लेकर आए यहॉ बाल एवं नवजात शिशु सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर को दिखाया। बच्चें का सीईसीटी एब्डोमेन स्कैन कराया गया। जॉच में पता चला कि बच्चे के पेट में गैस्ट्रिक ट्यूमर था, जो उसके आमाशय के एक बड़े हिस्से को घेरे हुए था। ट्यूमर का आकार लगभग 15गुणा12 सेंटीमीटर था। जिसका की ऑपरेशन द्वारा ही इलाज सम्भव था।

बीमारी की गंभीरता को देखते हुए डॉ. प्रवीण झंवर और उनकी टीम ने तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया। इतनी कम उम्र के बच्चे की सर्जरी करना किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने पार्शियल गैस्ट्रेक्टोमी प्रक्रिया को अंजाम दिया, जिसमें आमाशय के आधे हिस्से के साथ ट्यूमर को सफलतापूर्वक शरीर से अलग किया गया। सर्जरी के बाद बच्चे का वजन घटकर 2.6 किलो रह गया। निकाले गए ट्यूमर को हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए भेजा गया, जहाँ रिपोर्ट में इमैच्योर मेसेंटेरिक टेराटोमा की पुष्टि हुई। बाल एवं नवजात शिशु सर्जन डॉ.प्रवीण झंवर ने बताया कि बच्चें को जब अस्पताल लाया गया तब उसका कुल वजन मात्र 4 किलो था, जिसमें से 1.5 किलो तो केवल ट्यूमर का ही भार था। सर्जरी के बाद बच्चे की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे पीआईसीयू में शिफ्ट किया गया। यहाँ डॉ.पुनीत जैन और उनकी टीम ने बच्चे की गहन निगरानी की। बेहतरीन पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल और डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई। बच्चा अब पूरी तरह से स्वस्थ और स्थिर है और उसे अस्पताल से छुट्टी दी गई है। बच्चे के माता-पिता ने मैनेजमेन्ट, चिकित्सकों एवं नर्सिगकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य अस्पतालों से निराश होने के बाद यहाँ उन्हें नई उम्मीद मिली। पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने इस सफलता पर डॉक्टरों को बधाई देते हुए कहा कि यह ऑपरेशन हमारी टीम की विशेषज्ञता और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का प्रमाण है। पीएमसीएच का उद्देश्य हमेशा से ही जटिल से जटिल बीमारियों का किफायती और विश्वस्तरीय इलाज स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना रहा है। इतने छोटे बच्चे की जान बचाना हमारे लिए गर्व की बात है।

## योगेश जोशी बने विफा के जोन अध्यक्ष

**बांसवाड़ा, (निसं)।** विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में बांसवाडा निवासी समाजसेवी योगेश जोशी को जोन अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

तीर्थराज पुष्कर में राष्ट्रीय संस्थापक संयोजक सुशील ओझा ने रविवार को यह घोषणा की। उन्होंने बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ व मध्यप्रदेश तथा गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्र को 1 जी घोषित करते हुए इसमें संगठनात्मक गतिविधियों के आयोजन की जिम्मेदारी जोशी को दी। मुंबई निवासी उद्योगपति सत्यनारायण श्रीमाली को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करते हुए राष्ट्रीय परिषद का गठन किया गया। जिला मंत्री शशिकुमार शर्मा ने बताया कि 18 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में जिले से 25 सदस्यीय दल ने भाग लिया। गोमतीशंकर पंड्या ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद सीपी जोशी, निवर्तमान अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी, बनवारीलाल सेती, विधायक ताराचंद सारस्वत, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, भुवनेश शर्मा, राजेश कर्नल सहित देश भर से 500 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला महामंत्री विनोद पानेरी ने बताया कि कार्यक्रम के बाद जिले के दल ने शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में भाग लिया।

# वाइस चांसलर सम्मेलन में 150 से अधिक कुलपति करेंगे शिरकत

■ स्वदेशी, आर्थिक देश भक्ति और तकनीकी राष्ट्रवाद के माध्यम से आत्म निर्भरत भारत विषय पर करेंगे मंथन



दो दिवसीय वेस्ट जोन वाइस चांसलर सम्मेलन समारोह की जानकारी देते हुए हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत।

**उदयपुर, (कासं)।** देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को स्वदेशी सोच, आर्थिक राष्ट्रवाद और तकनीकी आत्मनिर्भरता के साथ नई दिशा देने के उद्देश्य से राजस्थान विद्यापीठ एवं एसोसिएशन ऑफ इंडियन युनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 'स्वदेशी, आर्थिक देश भक्ति और तकनीकी राष्ट्रवाद के माध्यम से आत्म निर्भर भारत' विषय पर दो दिवसीय वेस्ट जोन वाइस चांसलर सम्मेलन का आयोजन एग्रीकल्चर महाविद्यालय के सभागार में किया जायेगा।

समारोह की जानकारी देते हुए हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े करेंगे। विशिष्ठ अतिथि लोक निर्माण, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री प्रो. मंजु बागमार, प्रधानमंत्री के वित्तीय सलाहकार प्रो. गौरव वल्लभ, महासचिव डॉ. पंकज मित्तल, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर होंगे । एआईयू के अध्यक्ष और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक अध्यक्षीय उद्बोधन देंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी नवाचार, आर्थिक आत्मनिर्भरता, तकनीकी क्षमता के विकास और राष्ट निर्माण में विश्वविद्यालयों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा होगी। देशभर से आने वाले अतिथियों का स्वागत राजस्थानी परंपरा और पारंपरिक आतिथ्य के साथ किया जाएगा। वहीं एआईयू महासचिव डॉ. पंकज मित्तल ने एआईयू द्वारा किए जाने वाले कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह 18 मार्च को दोपहर 1 बजे आयोजित किया जायेगा।

# सीमलवाड़ा व झौथरी से जत्था रवाना

**डूंगरपुर, (निसं)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)द्वारा मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 24 मार्च को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में प्रस्तावित रैली की तैयारियों में राज्य स्तरीय जत्थे चल रहे हैं।

राजस्थान में आदिवासी क्षेत्रों में जत्थे के दूसरे चरण में सोमवार को डूंगरपुर मे दूसरे दिन राज्य व्यापी जन संघर्ष जत्था सीमलवाडा और झौथरी तहसील के गावों मे पहुंचा। वहाँ सैकडो महिलाओं किसानों मजदूरों व स्कीम वर्कर्स ने इंकलाबी नारों के साथ स्वागत किया। राज्य सचिव कॉ. किशन पारीक ने कहां की केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा आमजन के साथ आदिवासी अधिकारों पर जारी हमलों को रेखांकित करते हुए अमेरिकी साम्राज्यवाद के सामने केन्द्र की भाजपा सरकार के शर्मनाक समर्पण के चलते मजदूरों और किसानों के अधिकारों पर पड रहे दुष्प्रभावों पर चर्चा की कहा कि डबल इंजन सरकार बल्कि जनता के हक अधिकारों की डबल लूट वाली सरकार है।

## जनसुनवाई 19 को

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सम्पर्क समाधान की जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 मार्च को डीआईटीओ में होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों को जिला स्तर पर व ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को ब्लॉक के वीसी केन्द्र में वीसी से जनसुनवाई में लम्बित प्रकरणों की अब तक की रिपोर्ट के साथ अनिवार्य रुप से उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

# चारपहिया रैली से होगा पांच दिवसीय आयोजनों का शुभारंभ

**उदयपुर,(कासं)।** इस वर्ष उदयपुर में भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति द्वारा होने जा रहे नवसंवत्सर उत्सव को समाज में सकारात्मक परिवर्तन के संदेश से जोडते हुए 'पंच परिवर्तन' के संकल्प के साथ मनाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्व का भाव,सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य जैसे मूल्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है।

यह जानकारी समिति के संरक्षक प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने सोमवार को होटल हिस्टोरिया रॉयल में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि स्व का भाव के माध्यम से भारतीय संस्कृति, इतिहास,विज्ञान और परंपराओं के प्रति गौरव की भावना जागृत करने का संदेश दिया जाएगा। सामाजिक समरसता के अंतर्गत सभी वर्गों के बीच समानताए सद्भाव और एकता को बढावा देने का आ ान किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपणए जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से परिवार में संस्कारए नैतिकता और पारिवारिक एकता को सुदृढ करने पर बल दिया जाएगाए जबकि नागरिक कर्तव्य के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को राष्ट हित में अपने दायित्वों के प्रति जागरूक रहने और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया जाएगा। समिति के संयोजक डॉ. परमवीर सिंह दुलावत ने बताया कि पिछले चार वर्षो से उदयपुर में भारतीय नववर्ष को सर्व समाज के सहयोग से भव्य रूप से मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी 18 से 22 मार्च तक विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक कायक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 18 मार्च को सायं 3 बजे भगवा चार पहिया वाहन रैली महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख इलाको से गुजरते हुए सब.सिटी सेंटर पर समाप्त होगी।19 मार्च को शहर की 73 बस्तियों के प्रमुख मंदिरों में समाज जन द्वारा महाआरती, गंगा आरती, हनुमान चालीसा पाठ सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति उदयपुर 2० मार्च को सिंधी समाज के चेटीचंड पर्व के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा में भी शामिल होगी। समिति के सदस्य इस अवसर पर भारतीय नववर्ष का संदेश देते हुए समाज के साथ सहभागिता करेंगे।21 मार्च को शहर के प्रमुख मंदिरों में भव्य शंखनाद एवं घोष वादन का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत बोहरा गणेशजी मंदिर,जगदीश मंदिर,गुरुद्वारा सचखंड दरबार सिख कॉलोनी, रामदेव मंदिर ठक्कर बापा कॉलोनीए जैन मंदिर सेक्टर.4 और खेडा देवी मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम होंगे।

# 'शिक्षा रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रक्रिया भी है'




उदयपुर में गिट्स में 2025 बैच के विद्यार्थियों को डिग्रियां दी।

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज (गिट्स), डबोक, उदयपुर में वर्ष 2025 बैच के बी.टेक., एम.टेक., एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के सानिध्य में भव्य डिग्री वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को डिग्रियाँ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कम्पनी इकॉन के फाउंडर डॉ. जीतेन्द्र कुमार टायलिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पडाव है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी शिक्षा पूर्ण की है। यह डिग्री केवल एक प्रमाण-पत्र नहीं, बल्कि उनकी मेहनत, सपनों और संघर्ष का प्रतीक है।समारोह के विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा सलाहकार प्रो. कैलाश सोडानी ने अपने संबोधन में कहा कि आज से विद्यार्थियों के सामने अवसरों की एक नई दुनिया खुल रही है। उन्होंने कहा कि तकनीक केवल मशीनों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम भी है। इस अवसर पर गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन जे. पी. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी विकसित भारत के भावी इंजीनियर, प्रबंधक एवं तकनीकी विशेषज्ञ हैं, जिनके विचार और नवाचार भारत को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। गीतांजली ग्रुप को अपने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि संस्थान से प्राप्त शिक्षा विद्यार्थियों को उनके लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है। शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रक्रिया भी है।गीतांजली ग्रुप की निदेशक मिस कनिका अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में सदैव ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक सोच को आधार बनाएं। असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेते हुए आगे बढना ही सफलता का मार्ग है।

संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एम. प्रसन्ना कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा का यह मंच विद्यार्थियों को नई ऊँचाइयों तक उडान भरने में सहायता करता है तथा उनके कार्यात्मक कौशल को व्यावसायिक दक्षता में परिवर्तित कर उनकी क्षमता का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर का सही उपयोग न केवल व्यक्तिगत सफलता दिलाएगा बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी सहायक होगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सौरभ तेगे ने बताया कि वर्ष 2025 में गिट्स के विद्यार्थियों ने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया।उन्होंने बताया कि कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ( एआई ) शाखा के छात्र रुद्रांश माहेश्वरी ने 90.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे आरटीयू में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वैशाली एवं जागृति श्रीमाली ने क्रमशः छठा एवं सातवाँ स्थान प्राप्त किया।इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा में प्राची पानेरी ने 89.41 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवम मंत्री एवं शुभम मंत्री ने क्रमशः छठा एवं सातवाँ स्थान प्राप्त किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा में कैलाश सुथार ने 85.39 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एम.सी.ए. विभाग में हिमानी पालीवाल ने 87.41 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान, श्रेया गन्ना ने 84.73 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान, कृतिका जैन ने सातवाँ स्थान तथा विनय शुक्ला ने आठवाँ स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (एम.टेक.) में सिद्धि चपलोत ने 79.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्वाति सेठ ने 79.03 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। इन विद्यार्थियों ने डिग्री प्राप्त करने के साथ-साथ गोल्ड मेडल भी अर्जित कर संस्थान का गौरव बढाया।

## सार-समाचार

### चिकित्सा व परामर्श शिविर सम्पन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की ग्राम पंचायत आंतरी में जीवन ज्योति सेवा संस्थान एवं जीवन ज्योति हॉस्पीटल, सुभाष नगर, नए हॉस्पीटल के पीछे, डूंगरपुर द्वारा गायनिक एवं जनरल सर्जरी का निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बडी संख्या में मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.दिया गुप्ता द्वारा 32 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया, वहीं जनरल सर्जन डॉ. कल्याणी ने 14 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में विशेष रूप से पथरी, निसंतानता एवं गर्भावस्था संबंधी समस्याओं एवं अनियंत्रित मासिक रक्तस्त्राव से पीडित मरीजों की संख्या अधिक रही। शिविर में लगभग 15 महिला मरीजों का निःशुल्क सोनोग्राफी हेतु जीवन ज्योति हॉस्पीटल सुभाष नगर, डूंगरपुर में रजिस्ट्रेशन किया तथा 6 सर्जरी से पीडित मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया। अन्य सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया तथा शिविर स्थल पर ही ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं को गर्भधारण के बाद रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा रक्तस्त्राव एवं गर्भावस्था के दौरान ध्यान रखने योग्य बातों पर आधारित एक बुकलेट भी निशुल्क भेंट की गई। शिविर के संचालन में जीवन ज्योति हॉस्पीपटल के चीफ , एग्जीक्यूटिव ऑफिसर विकास भोई, राकेश कोपचा, लैब टेक्नीशियन दीपेंद्र यादव,नर्सिंग स्टाफ पुष्पा वारहात, ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट प्रभु यादव तथा महिला मार्गदर्शक भव्या भोई ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के निः शुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से जीवन ज्योति सेवा संस्थान द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता बढाने एवं जरूरतमंदों तक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने का सराहनीय प्रयास निरंतर जारी है

### शोध सारांश समीक्षा कार्यशाला प्रारंभ

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट, डूंगरपुर में पाँच दिवसीय शोध सारांश समीक्षा कार्यशाला डाइट प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत चौबीसा की अध्यक्षता, उप प्राचार्य अजय जैन के मुख्य आतिथ्य एवं आई एफ आईसी प्रभागाध्यक्ष रितेश कुमार पंड्या के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारम्भ हुई। प्रभागाध्यक्ष रितेश कुमार पंड्या ने बताया कि डाइट डूंगरपुर में शिक्षा के क्षेत्र में 21 शोध कार्य किए गए। जिसमें एक संयुक्त सर्वे शोध,दो जिला स्तरीय, पॉच डर्फ स्तरीय, पॉच क्रियात्मक अनुसंधान एवं तीन केस स्टडी के साथ पॉच प्रभाग स्तरीय शोध शामिल हैं। डाइट द्वारा दो शोध सरिता प्रकाशित की जा रही है एवं एक पुस्तक समीक्षा विशेषांक प्रकाशित होगा जिससे जिले के प्रत्येक पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी को भेजकर शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु कार्य किया जाएगा। कार्यशाला में कांतिलाल यादव, राधेश्याम जोशी, डिंकल कलाल,वीरेश यादव एवं मिनाक्षी दमामी की टीम सभी शोध प्रतिवेदन की समीक्षा कर रही है। कार्यशाला में संचालन योजना एवं प्रबंध प्रभागाध्यक्ष दीपक कुमार चौबीसा एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता सौरभ पहाड ने ज्ञापित किया।

### नवकार कलश रथ यात्रा का स्वागत

**डूंगरपुर, (निसं)।** विश्व मे शान्ति सद्भाव ओर सामंजस्य का संदेश फैलाने के उद्देश्य से आगामी माह की 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामन्त्र दिवस 2.0 को लेकर नवकार कलश रथ यात्रा डूंगरपुर शहर में पहुंची। जहां जैन समाज द्वारा 105 गणिनी आर्यिका शशांक मति माताजी के सानिध्य में भव्य स्वागत किया। यह यात्रा जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाईजेशन (जीतो) संस्था द्वारा जयपुर में यशश्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा धर्म ध्वजा दिखाकर पूरे राजस्थान में गांव गांव भ्रमण कर सोमवार को डूंगरपुर नेमिनाथ परिसर में प्रवेश किया। जे टी आर जीतों सदस्य नीरव जैन द्वारा माल्यार्पण कर नवकार रथ एवं कार्यक्रम की जानकारी दी वहां से रथ यात्रा भक्तो के साथ प्रारंभ होकर संभवनाथ मंदिर,महावीर मंदिर प्रगतिनागर मंदिर होते हुए रामगढ,सलूम्बर के लिए रवाना की गई साथ हो माताजी का आर्शीवचन हुआ जिसमें जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष शैलेश मेहता,पूर्व अध्यक्ष संजय मेहता विजय जैन केसू नागदा हर्षवर्धन जैन वीरेंद्र जैन,अविचल जैन, विराग सेठ,कार्तिक कोटडिया, राजेश डेंडू, मिलन पटवा, विनोद दोशी, रोहित सरैया, विलियम जैन, राजेश गोठी, सुदर्शन जैन, पद्म वोरा, प्रकाश कोटडिया, चेतन सेठ, सुनील गांधी, नितिन गांधी, धर्मेंद्र वोरा, महेंद्र जैन, नीलेश जैन, नरेश जैन, रवि सेठ, शैलेश जैन, देवेंद्र जैन, बदामीलाल जैन, बाबूलाल जैन एवं समस्त महिला मंडल की महिलाएं आदि उपस्तिथ रहे।

### मेले की तैयारियों को लेकर निर्देश

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आगामी 17 से 21 मार्च तक आयोजित होने वाले घोटिया आम्बा मेले के सफल आयोजन को लेकर विभागों को मेले के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेले में पुलिस विभाग को मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस जाब्ता, महिला पुलिस की तैनाती, ट्रैफिक व्यवस्था तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने, पंचायत समिति एवं संबंधित अधिकारियों को मेले में दुकानों के आवंटन, टेंट, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, सार्वजनिक निर्माण विभाग को मेले स्थल तक आने वाले मार्गों की मरम्मत एवं गड्ढों को भरने, विद्युत विभाग को अस्थायी विद्युत कनेक्शन एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जलदाय विभाग को पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। चिकित्सा विभाग को मेले में चिकित्सा दल, आवश्यक दवाइयों एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने, इसके अलावा परिवहन विभाग को मेले के दौरान अतिरिक्त बसों की व्यवस्था, नगर निकायों को साफ-सफाई एवं शौचालय व्यवस्था तथा संबंधित विभागों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेल गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए। मेले के आयोजन को लेकर पूर्व में उपखण्ड मजिस्ट्रेट बागीदौरा सुनील शर्मा की अध्यक्षता में मेला समिति की बैठक आयोजित की गई।

### उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

**राजसमंद, (निसं)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजसमन्द एवं रेलमंगरा के तत्वावधान में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुर्जर के नेतृत्व में बढती महंगाई एवं घरेलू रसोई गैस के दामों में हुई भारी वृद्धि के विरोध में उपखंड कार्यालय राजसमन्द पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम उपखंड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई लगातार बढती जा रही है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। घरेलू रसोई गैस के दामों में हुई भारी बढोतरी से आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड गया है। प्रदर्शन में सघन क्षेत्र विकास समिति अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राठौड, पुष्कर श्रीमाली, मांगीलाल टांक, विजय प्रकाश सनाढ्य, खुमशिंह, मुकेश भार्गव, नरेन्द्र सिंह, रमेश सिंह बल्ला, गोवर्धन पालीवाल, शांतिलाल कुमावत, शिव गाडरी, भूरालाल कुमावत, लहरसिंह, सोहन गुर्जर, सत्यनारायण पालीवाल, परसराम पोरवाल, कमलेश साहू, योगेश उपाध्याय, पुष्पेन्द्र गुर्जर, रतन गुर्जर, मुकेश गुर्जर, रूपलाल सैन, भंवर सरपंच, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


**Joint Director school education**

**Udaipur range, Udaipur**

क्रमांक: संयु नि/स्कूल शिक्षा/उदय/लेखा/2025-26/264 दिनांक- 13.03.2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for Computer Parts Printer Refilling Repairing Computer Repairing and Printing and Stationery for Joint Director school education Udaipur are invited from interested bidders upto 01.00 PM date 24-03-2026, other particulars of the bid may be visited on the procurement portal

**(HTTP://SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN)**

**UBN- EDU2526GSRC00162**

संयुक्त निदेशक ( स्कूल शिक्षा )
उदयपुर संभाग, उदयपुर